50 हजार रु. रिश्वत मांगने वाला फरार पुलिस कांस्टेबल एसीबी के हत्थे चढ़ा

मुहाना थाने में तैनात था आरोपी सुरेश चंद, उसका सहकर्मी 20 हजार रु. लेते गिरफ्तार हुआ था



आरोपी सुरेश चंद चौधरी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वत मांगने के मामले में फरार चल रहे मुहाना थाने के कांस्टेबल सुरेश चंद चौधरी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कांस्टेबल पर परिवादी के खिलाफ दर्ज परिवाद में कार्रवाई नहीं करने और राजीनामा करवाने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। मामले में उसका सहकर्मी कांस्टेबल नोरत मीणा पहले ही 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया जा चुका है। एसीबी के अनुसार मुख्यालय में दर्ज प्रकरण में मुहाना थाना, जयपुर दक्षिण आयुक्तालय में तैनात कांस्टेबल नोरत मीणा और सुरेश चंद चौधरी के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान 21 जुलाई 2026 को दोनों कांस्टेबलों की ओर से 50 हजार रुपए रिश्वत मांगना और 20 हजार रुपए लेने पर सहमत होना प्रमाणित हुआ था।

- **आरोपी सुरेश चंद ने परिवादी से राजीनामा करवाने और शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने की एवज में मांगी थी घूस**

इसके बाद एसीबी ने 23 जुलाई को ट्रैप कार्रवाई की। इस दौरान कांस्टेबल नोरत मीणा को 20 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहीं ट्रैप कार्रवाई की भनक लगने पर कांस्टेबल सुरेश चंद चौधरी अपने कार्यस्थल और निवास स्थान से फरार हो गया था। तब से एसीबी उसकी तलाश कर रही थी।

जिस पर एसीबी मुख्यालय की चौकी एसआईडब्ल्यू की ओर से मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। जिस पर गुरुवार को जांच अधिकारी पुलिस उप अधीक्षक सुरेंद्र पंचोली ने फरार आरोपी कांस्टेबल सुरेश चंद चौधरी को गिरफ्तार किया।

जयपुर में छिपकर फरारी काट रहा मध्यप्रदेश का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

हत्या के मामले में सजा के बाद पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ था आरोपी, पिछले एक साल से जयपुर में था

जयपुर (कासं)। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने वांछित एवं फरार अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के हिस्ट्रीशीटर अल्ताफ खान हुसैन (50) को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के एक मामले में सजा होने के बाद पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। वह जयपुर में अपनी पहचान छिपाकर करीब एक साल से रह रहा था।



आरोपी अल्ताफ हुसैन

- **आरोपी के खिलाफ मंदसौर के श्यामगढ़ थाने में 8 से 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं**

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल एवं स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के संबंध में ओमप्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अल्ताफ खान हुसैन मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के श्यामगढ़ स्थित सिनेमा रोड, कसी मोहल्ले का निवासी है। वर्तमान में वह जयपुर के नाई की थडी, जयसिंहपुरा खोर क्षेत्र में रह रहा था।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मूल रूप से श्यामगढ़ का रहने वाला है और मंदसौर में अलमारी बनाने का काम करता था। उसके विरुद्ध श्यामगढ़ थाने में लडाई-झगडे सहित करीब 8 से 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में धर्मेंद्र नामक युवक की हत्या के मामले में गिरफ्तार होने और बाद में पुलिस अभिरक्षा से फरार होने की जानकारी दी। इस मामले में न्यायालय से उसे सजा हुई थी।

जेल ले जाते समय रास्ते में भोजन करने के दौरान वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। इसके बाद वह जयपुर आ गया और नाई की थडी क्षेत्र में पहचान छिपाकर रहने लगा।

स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि सीएसटी की टीम पिछले करीब तीन माह से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। टीम ने उसके संभावित ठिकानों पर निगरानी रखकर गतिविधियों की जानकारी जुटाई। इसके बाद उसे दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के मध्यप्रदेश में दर्ज आपराधिक मामलों और पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के घटनाक्रम के संबंध में संबंधित पुलिस इकाइयों से विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में सीएसटी पुलिस निरीक्षक सुनील की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम के विजयपाल, वेदवीर, राजेंद्र और प्रदीप सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने भी आरोपी की तलाश और गिरफ्तारी में योगदान दिया।

'सहकारी संस्थाओं में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द'

जयपुर (कासं)। प्रदेश की विभिन्न सहकारी संस्थाओं में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। इस संबंध में गुरुवार को शासन सचिवालय में सहकारिता विभाग के शासन सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें राजस्थान राज्य सहकारी भर्ती बोर्ड के माध्यम से प्रस्तावित भर्तियों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

शासन सचिव ने प्राथमिक भूमि विकास बैंकों (पीएलडीबी), राज्य भूमि विकास बैंक (एसएलडीबी), राजस्थान सहकारी डेयरी संघ (आरसीडीएफ), शहरी सहकारी बैंकों, पैक्स/लैम्प्स और ऋण पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों की समीक्षा कर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थाओं को रिक्त पदों का अद्यतन और वर्गवार विवरण उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने आरसीडीएफ एवं संबंधित शीर्ष सहकारी संस्थाओं को आपसी समन्वय से रिक्त पदों की सूचना संकलित करने तथा राजस्थान राज्य सहकारी भर्ती बोर्ड को बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) के साथ समन्वय कर परीक्षा एवं भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। शासन सचिव ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता व समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, राष्ट्रीय एकता का आधार : देवनानी

विधानसभा में 1952-1956 तक रही अजमेर दीर्घा का लोकार्पण और वेबसाइट का शुभारंभ

जयपुर (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारतीय संविधान केवल शासन संचालन का कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और नागरिक अधिकारों का आधार है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार देता है। नई पीढ़ी को संविधान के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी देना आवश्यक है। वे गुरुवार को विधानसभा में संविधान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।



स्पीकर वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधानसभा में रखे संविधान को नमन किया।

- **स्पीकर ने 95 वर्षीय पूर्व विधानसभा रिपोर्टर पन्नालाल शर्मा का सम्मान किया, संविधान के मूल स्वरूप में अंकित 22 चित्रों की बताई महत्ता**

देवनानी ने विधानसभा राजनीतिक आख्यान संग्रहालय में अजमेर विधानसभा दीर्घा का लोकार्पण और अजमेर विधानसभा की वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने अजमेर विधानसभा में रिपोर्टर रहे 95 वर्षीय पन्नालाल शर्मा को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। दीर्घा में 1952 से 1956 तक की अजमेर विधानसभा की ऐतिहासिक और राजनीतिक यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। देवनानी ने कहा कि संविधान के मूल स्वरूप के 22 भागों में 22 चित्र भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को दर्शाते हैं। इनमें सिंधु घाटी सभ्यता, वैदिक काल, श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, मौर्यकाल, विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोबिंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, टीपू सुल्तान, महात्मा गांधी, आजाद हिंद फौज, हिमा। डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. निष्ठा जसवाल ने कहा कि संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। समारोह में विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, छात्र-छात्राएं, शिक्षक और विधानसभा के अधिकारी मौजूद रहे।लय, मरुस्थल और समुद्री यात्रा के चित्र शामिल हैं। उन्होंने संविधान में हुए प्रमुख संशोधनों का उल्लेख करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता शब्दों का समावेश, मौलिक कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार, पंचायतीराज एवं शहरी निकायों को संवैधानिक दर्जा तथा मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करने को महत्वपूर्ण बताया।

पुलिस कमिश्नर शनिवार को करेंगे जनसुनवाई

जयपुर । आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने तथा पुलिस और आमजन के बीच संवाद मजबूत करने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 28 नवंबर को पुलिस थाना खोरा बिसल में दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान झोटवाड़ा सर्किल के पांच पुलिस थानों खोरा बिसल, झोटवाडा, करधनी, मुरलीपुरा और कालवाड़ क्षेत्र के परिवादियों की शिकायतें सुनी जाएंगी।

पुलिस कमिश्नर संबंधित परिवादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और परिवेदनाओं की जानकारी लेंगे। पुलिस की ओर से आमजन की समस्याओं के समाधान और परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में इस तरह की जनसुनवाई आयोजित की जा रही हैं।

सार-समाचार

निर्माणाधीन ब्राह्मण भवन का अवलोकन



जयपुर । माचड़ा स्थित श्याम विहार विस्तार, गौड़ो की ढाणी में ब्राह्मण समाज राजस्थान के तत्वावधान में भव्य ब्राह्मण भवन निर्माणाधीन है, इसका अवलोकन ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक एवं जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने किया। पदाधिकारियों ने भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्माण कार्य में गुणवत्ता, मजबूती एवं सुंदरता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने भवन को भव्य, आकर्षक एवं समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने कहा कि यह भवन समाज की एकता, संगठन, संस्कार एवं सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। भवन का उद्देश्य समाज को एक ऐसा सशक्त एवं सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध करवाना है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बने। इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा एवं जिला मंत्री ओमप्रकाश रीडर उपस्थित रहे।

परिचय सम्मेलन में जुटे 30 परिवार



श्री मैथिल ब्राह्मण महासभा की प्रदेश इकाई ने प्रदेश संरक्षक जीडी पाराशर की 103 वर्षीय माता फूलवती देवी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

जयपुर । श्री मैथिल ब्राह्मण महासभा (भारत) की प्रदेश इकाई राजस्थान की ओर से झोटवाड़ा स्थित श्री मैथिलेश्वर शिव हनुमान राम मंदिर, ओम शिव कॉलोनी में अन्नकूट प्रसादी, पारिवारिक संगोष्ठी एवं परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में करीब 30 परिवारों ने मंच पर अपना परिचय दिया। पहली बार आयोजित इस परिचय सम्मेलन के बाद युवक-युवती परिचय सम्मेलन कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, बच्चों के खेल और मानसिक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। म्यूजिकल चेयर में माला शर्मा विजेता रहीं, जबकि लॉटरी में डॉ. चारू शर्मा को प्रथम पुरस्कार के रूप में कैरम बोर्ड प्रदान किया गया। बाल विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद ने कवि कोकिल शिरोमणि विद्यापति के जीवन पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय संयोजक बीएस झा ने समाज की एकजुटता और प्रगति की जानकारी दी। प्रदेश संरक्षक जीडी पाराशर ने मैथिल ब्राह्मण समाज की उत्पत्ति के बारे में बताया। महिला मंडल अध्यक्ष डॉ. चारू शर्मा एवं माला शर्मा ने सामाजिक समरसता और महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। महासचिव राजेश झा ने समाज को एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। एडवोकेट सुनील ओझा ने समाज को विधिक सलाह एवं सेवा देने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक जीडी पाराशर की 103 वर्षीय माता फूलवती देवी का महिला मंडल एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। रामकिशन शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। अंत में एचके झा एवं हेमंत मिश्रा ने सहयोगकर्ताओं का आभार जताया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी समाजबंधुओं ने सामूहिक रूप से अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की।

"शिरीष" की पहली प्रति राज्यपाल को भेंट



जयपुर । स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत सेंटवेव ऑर्गेनाइजेशन की स्मारिका 'शिरीष' की प्रथम प्रति संस्था की संस्थापक शिवाली गुप्ता ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को भेंट की। राज्यपाल ने संस्था के जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। स्मारिका भेंट के दौरान संस्था के उपाध्यक्ष कमलनयन खंडेलवाल एवं विधि सलाहकार डॉ. आराधना परमार भी उपस्थित रहे। संस्था "बी अवेयर, स्टे अवेयर एंड कीप अवेयर" (खुद जागरूक रहें, जागरूक बने और दूसरों को भी जागरूक करते रहें) की टैगलाइन के साथ काम कर रही है। संस्था की ओर से भविष्य में भी जागरूकता के बेहतरीन प्रयास का संकल्प जताया।

एम.जी.डी. स्कूल में नेतृत्व कौशल सीख रहीं देश-विदेश की 50 छात्राएं

जयपुर । महारानी गायत्री देवी (एमजीडी) गर्ल्स स्कूल में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने के लिए अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व कार्यक्रम 'लीड-आईएमजीडी 2026' का आयोजन किया जा रहा है। गत 22 नवंबर से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 5 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम के तीसरे संस्करण में करीब 50 छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं।



कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों और शहरों के प्रतिष्ठित स्कूलों के साथ जर्मनी, फ्रांस, शारजाह और भूटान की छात्राएं भी शामिल हैं। विभिन्न संस्कृतियों की छात्राओं को साझा मंच पर सीखने और अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम के तहत नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सामूहिक कार्य, संवाद कौशल, समस्या समाधान और उद्यिमता जैसे गुण विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में "द लीडर विदिन", "आइडेंटिटी लैब", "एंटरप्रेन्योरशिप लैब" और "100-डे चैलेंज" जैसी कार्यशालाओं के माध्यम से छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। भूटान के हैप्पीनेस गुरु डॉ. सामदू छेत्री का विशेष सत्र भी आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही छात्राएं जयपुर की पारंपरिक ब्लू पॉटरी, टाई एंड डाई, ब्लॉक प्रिंटिंग और कठपुतली निर्माण जैसी कलाओं से रूबरू हो रही हैं।

सुनील कुमावत जयपुर के उप जिला प्रमुख बने

जयपुर । प्रदेश में 37 जिला परिषद में गुरुवार को उप जिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 25 जिला परिषदों में उपजिला प्रमुख बनवाने में सफलता हासिल की है, भाजपा ने 8 जिला परिषदों में अपने उप जिला प्रमुख बना दिए हैं, तथा नागौर जिला परिषद में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के उप जिला प्रमुख निर्वाचित हुए हैं। भारतीय आदिवासी पार्टी ने भी 3 जिलों में उप जिला प्रमुख बनवा दिए है।

जयपुर जिला परिषद् जयपुर के उप प्रमुख पद के निर्वाचन में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील कुमार कुमावत निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन में सुनील कुमार कुमावत को 41 मत प्राप्त हुए, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सीता राम शर्मा को 13 मत मिले। इस प्रकार दोनों प्रत्याशियों को कुल 54 विधिमान्य मत प्राप्त हुए। यहां कुल 55 मत डाले गए। इनमें से 54 मत विधिमान्य तथा एक मत प्रतिक्षेपित हुआ। निविदत्त मतों की संख्या शून्य रही तथा नोटा के पक्ष में भी कोई मत प्राप्त नहीं हुआ। इस तरह से कांग्रेस प्रत्याशी सुनील कुमार कुमावत को जिला परिषद् जयपुर के उप प्रमुख पद पर विधिवत निर्वाचित घोषित किया तथा शपथ दिलाई। दौसा जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशीछोटू राम मीणा, धौलपुर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी वीर सिंह, अलवर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुनसिंह, चित्तौडगढ़ जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी रामेश्वर लाल धाकड, जालौर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी ममता बिश्नोई, टोंक जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी आसाराम धाकड, भरतपुर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार, बूंदी जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी उच्छब लाल, झुंझुनू जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी आशुतोष मीना, बाडमेर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी प्रेम कंवर, हनुमानगढ़ जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी रामकुमार, भीलवाडा जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता, सीकर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी रमेश बेरवाल, चूरू जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी छोटू लाल, डीग जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी नीलम राव, जोधपुर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी ओमप्रकाश, कोटपूतली बहरोड जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी रमा गुर्जर, बांसवाडा जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका कंवर, बीकानेर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी मदनलाल, डीडवाना कुचामन जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी हितेश्वर, फलोदी जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी विमला, राजसमंद जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी उदय सिंह, सवाई माधोपुर जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश, सिरोही जिला परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी लखमाराम उप जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित हुए है।

- **प्रदेश में कांग्रेस के 25 और भाजपा के आठ उप जिला प्रमुख बने**

गारमेंट्स फैक्ट्री पर छापेमारी कर छह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया, ठेकेदार गिरफ्तार

मुरलीपुरा क्षेत्र में रोड नंबर-9 पर नीलगिरी कॉलोनी स्थित मोनिका गारमेंट्स पर पुलिस की कार्रवाई

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजधानी के मुरलीपुरा क्षेत्र में बालश्रम करवाने का मामला सामने आया है। नीलगिरी कॉलोनी रोड नंबर-9 स्थित मोनिका गारमेंट्स पर पुलिस ने छापेमारी कर सिलाई का काम कर रहे छह नाबालिग बच्चों को मुक्त करवाया। बच्चों से एक मकान के प्रथम तल पर बने हॉल में गंदगी और बदबू के बीच सिलाई करवाई जा रही थी। पुलिस ने बालश्रम करवाने के आरोप में सिलाई ठेकेदार मोहम्मद जाहिर (29) निवासी अलीनगर कलां, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। मुक्त करवाए गए सभी बच्चों को संरक्षण के लिए प्रयास जेएसी सोसायटी, जयपुर के सुपुर्द किया गया है।

डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि मानव तस्करी विरोधी यूनिट, जयपुर पश्चिम को सूचना मिली थी कि मुरलीपुरा थाना क्षेत्र की नीलगिरी कॉलोनी स्थित एक मकान में बच्चों से बालश्रम करवाया जा रहा है। इस पर मुरलीपुरा थाना पुलिस और मानव तस्करी विरोधी यूनिट की संयुक्त टीम ने गारमेंट प्लांट पर दबिश दी। पुलिस टीम सादा वस्त्रों में निजी वाहन से लैपटॉप, प्रिंटर और अनुसंधान बॉक्स लेकर मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान प्रयास जेएसी सोसायटी के समन्वयक सईद खान और महेश बंजारा भी टीम के साथ मौजूद रहे।

- **बदबूदार और गंदे हॉल में करवाई जा रही थी बच्चों से सिलाई, सुबह 8 से रात 9 बजे तक काम करने की बात सामने आई**
- **पुलिस ने सिलाई का सामान जब्त कर बच्चों को संस्था के सुपुर्द किया**

मैले कपड़ों में सिलाई मशीनों पर मिले बच्चे

पुलिस टीम ने मकान के प्रथम तल पर बने हॉल की जांच की तो वहां छह नाबालिग बच्चे सिलाई मशीनों पर कपड़े सिलते मिले। सभी बच्चे मैले-कुचैले कपड़ों में थे। हॉल में कपड़े और अन्य सामान बिखरा हुआ था तथा वहां दुर्गंध और गंदगी का माहौल था। पुलिस ने ई-साक्ष्य एप के माध्यम से मौके की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य अपलोड किए। बच्चों ने पूछताछ में बताया कि वहां मौजूद ठेकेदार मोहम्मद जाहिर उनसे सिलाई का काम करवाता था। सिलाई में गलती होने पर वह उन्हें डांटता था।

सुबह 8 से रात 9 बजे तक करवाता था काम

जांच में सामने आया कि बच्चों से सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक लगातार काम करवाया जाता था। ठेकेदार उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का भी ध्यान नहीं रखता था। बच्चों को लंबे समय तक एक ही स्थान पर रखकर सिलाई का काम करवाने और उन्हें शारीरिक व मानसिक कष्ट देने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने मौके से सिलाई में इस्तेमाल होने वाला सामान जब्त किया है।

पुलिस ने मौके से छह कैंची, चार छोटी धागा कट्टी, चार बड़ी धागा कट्टी, छह अर्धनिर्मित लेडीज पायजामे, दो अर्धनिर्मित कुर्तियां और दो तैयार प्रिंटेड पायजामे जब्त किए। मुक्त करवाए गए छह बच्चों को संरक्षण के लिए प्रयास जेएसी सोसायटी के समन्वयक सईद खान को अस्थायी रूप से सुपुर्द किया गया है। यह कार्रवाई एडिशनल डीसीपी (एसआईयूसीएडब्ल्यू) मनराज और झोटवाड़ा एसीपी शिव कुमार भारद्वाज के निर्देशन में मुरलीपुरा थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील तथा मानव तस्करी विरोधी यूनिट, जयपुर पश्चिम के प्रभारी रामशरण के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने ठेकेदार मोहम्मद जाहिर के खिलाफ मामला दर्ज कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के तहत नोटिस दिया है। उसे निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होने के लिए पाबंद किया गया है। मामले की जांच मुरलीपुरा थाना पुलिस कर रही है।